<u>छात्र/छात्राओं के लिए विशेष निर्देश</u>

1– महाविद्यालय के सूचना पट को प्रतिदिन देखें।

2– सभी छात्र/छात्राएं अपने मन में एकाग्रता और आत्मविश्वास पैदा करें।

3–समय की नियमितता एक बड़ा गुण है, सभी छात्र/छात्राओं को अपनी कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहना चाहिए और समय पर महाविद्यालय शुल्क देना तथा पुस्तकालय की पुस्तकों को वापिस करना चाहिए।

4– पुस्तकालय के वाचनालय कक्ष में अधिक समय अध्ययन में लगाये और यथाशक्ति पुस्तक पढ़े।

5– सभी छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि व्यक्तित्व विकास हेतु खेलकूद, वाद विवाद, भाषण, सांस्कृतिक आदि क्रियाकलापों में अपनी सहभागिता करना सुनिश्चित करें।

6–विश्वविद्याालय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्रता के लिए प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है।

7– सभी छात्र/छात्राएं अनुशासित रहते हुए महाविद्यालय की प्रतिष्ठा और गरिमा को अपनी गुणवत्ता एवं आर्दश व्यवहार से बढ़ायेगें।

8–सभी छात्र/छात्राओं के लिए शान्ति व अनुशासन बनाये रखना अनिवार्य है। सभी छात्र/छात्राएं अपने छात्रकक्ष और उसके सामने के बरामदें के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रांगण में अनावश्यक न घूमें।

9–महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रवेश के बाद शीघ्र अपने परिचय पत्र तैयार करा लें। यदि परिचय पत्र खो जाये तो 20/–शुल्क तथा शपथ पत्र जमा करके मुख्य अनुशासक की संस्तुति के बाद दूसरा परिचय पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

10–महाविद्यालय में मोबाइल लाना शासनादेश के अनुसार वर्जित है। यदि किसी छात्र/छात्रा का मोबाइल महाविद्यालय में गुम हो जाता है तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का होगा, महाविद्यालय द्वारा कोई कार्यवाही नही की जायेगी।

11–महाविद्यालय में रैंगिग दण्डनीय अपराध है।

12–सभी छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय गणवेश में आना अनिवार्य होगा।